>

Title: Regarding flood situation in Balram Pur district in Uttar Pradesh.

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय (श्रावस्ती) : अध्यक्ष महोदया, आपने शून्य प्रहर में मुझे प्राकृतिक आपदा झेल रहे मेरे निर्वाचन क्षेत्र की समस्या को उठाने का अवसर दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। ...(व्यवधान)

महोदया, मैं उस निर्वाचन क्षेत्र से आता हूं, ...(व्यवधान) मुझे लगता है कि यह मेरा और मेरे निर्वाचन क्षेत्र का दुर्भाग्य है कि जिस करिश्माई व्यक्तित्व श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की बदौलत भारतीय जनता पार्टी ने सत्ता का सुख भोगा, ...(व्यवधान) आज हमारे भारतीय जनता पार्टी के साथीगण, उस निर्वाचन क्षेत्र और उनकी कर्मभूमि की समस्या से, जहां की जनता त्राही-त्राही कर रही है ...(व्यवधान)

उसकी समस्या बताने के लिए मैं सदन के समक्ष खड़ा हुआ हूं, तो ये लोग वेल में आकर शोर मचा रहे हैं, उनको इन्होंने अपने पर्चे से गायब कर दिया।...(व्यवधान)

महोदया, मेरे निर्वाचन क्षेत्र जनपद बलरामपुर की उतरौला तहसील के गलिबा, कुंदनमहरा, मझारी, महुआ, इब्राहीम, रंड़वरिया समेत लगभग तीस गांव राप्ती नदी के तटबंध के टूटने से बाढ़ से बुरी तरह से प्रभावित हुए हैं। वहां के लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त है, खाने के लिए कुछ नहीं है। पशुओं का चारा भी नहीं बचा, पहनने के लिए कपड़े भी नहीं हैं। आज वहां की दयनीय स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन ने, जिलाधिकारी महोदय ने अपने स्तर से जितना संभव था, व्यवस्था की है। मैं उनका आभार व्यक्त करता हूं, लेकिन वह पर्याप्त नहीं है। राज्य सरकार से पर्याप्त सहायता नहीं मिल पा रही है। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि ...(व्यवधान) अविलम्ब जिलाधिकारी बलरामपुर से, पेट्रोलियम मंत्रालय के ओएनजीसी से सहायता की मांग की है।,...(व्यवधान) सीएसआर फण्डिंग के तहत वहां सहायता दी जाए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : ठीक है, आपकी बात आ गयी है।

श्री रमाशंकर राजभर ।

श्री पन्ना लाल पुनिया : महोदया, मैं डॉ. विनय कुमार पाण्डेय जी द्वारा शून्य प्रहर में उठाए गए विषय से स्वयं को सम्बद्ध करता हूं।

11.50 hrs

At this stage, Shrimati J. Helen Davidson and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.